दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने खगड़िया जिले के पसराहा में पचास हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले नवनिर्मित साइलो गोदाम का लोकार्पण किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कच्ची दरगाह से राघोपुर के बीच गंगा नदी पर बने सिक्स लेन पुल का उद्घाटन किया। दियारा क्षेत्र से पटना आने में अब केवल पांच मिनट लगेंगे।

03. सात आईपीएस अधिकारियों का किया गया तबादला। जितेन्द्र राणा पटना के आईजी बने। गरिमा मल्लिक को मिली निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, के आईजी की जिम्मेदारी।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी और सुपौल जिलों में बहुत भारी बारिश की आशंका।

———————————————————

केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज खगड़िया जिले के पसराहा में पचास हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले नवनिर्मित साइलो गोदाम का लोकार्पण किया। श्री जोशी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस गोदाम के चालू हो जाने से स्थानीय किसानों को अन्न भंडारण में सहायता मिलेगी। साथ ही व्यवसायियों को भी काफी लाभ होगा।

———बाइट———

इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षा विभाग की मंत्री लेशी सिंह और स्थानीय सासंद राजेश वर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————

पटना के कच्ची दरगाह से वैशाली के बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर बन रहे सिक्स लेन पुल के एक हिस्से को आम लागों के लिए खोल दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पुल के राघोपुर तक के हिस्से का उद्घाटन किया। लोकार्पित पुल की लम्बाई चार दशमलव पांच सात किलोमीटर है। इस पुल के शुरू होने से महात्मा गांधी सेतु पर यातायात का दबाव कम होने के साथ ही स्थानीय लोगों के लिए

आवागमन सुगम हो गया है। अब दियारा क्षेत्र से पटना पहुंचने में केवल पांच मिनट का समय लगेगा। यह गंगा नदी पर बना एक्स्ट्रा डोज केबल स्टे ब्रिज है। एक्स्ट्रा डोज केबल ब्रिज में केबल को सीधे टावर से नहीं बल्कि डेक के नीचे एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक विशेष ढंग से जोड़ा जाता है। जिससे संरचना अत्याधुनिक और कई गुना मजबूत होती है। उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, सांसद रवि शंकर प्रसाद, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन मौजूद थे।

———————————————————————

पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन ने कहा कि संपर्क पथ के लोकार्पण से राघोपुर और आस–पास के जनता को राजधानी पटना से सीधा संपर्क मार्ग मिल गया है। उन्होंने कहा कि पुल के बाकी हिस्से का काम भी जल्द पूरा कर इसे चालू कर दिया जाएगा।

———बाइट———

———————————————————————

पटना के कच्ची दरगाह से राघोपुर तक सिक्स लेन पुल को आम लागों के लिए खोले जाने से इस पूरे क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। लोगों ने कहा कि इससे आवागमन काफी आसान हो जाएगा और यह सपना पूरे होने के जैसा है। उन्होंने इस सौगात के लिए एनडीए सरकार का धन्यवाद किया।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। श्री चौधरी ने विपक्ष पर राज्य के विकास की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे देश में बिहार के विकास मॉडल की चर्चा की जा रही है।

———बाइट———

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि राज्य की जनता सचेत है और किसी भ्रम में नहीं पड़ने वाली है।

———बाइट———

————————————————————————

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी के सांगठनिक चुनाव के तहत आज राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। पटना स्थित राजद के केंद्रीय कैंप कार्यालय में श्री प्रसाद ने पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर रामचंद्र पूर्वे के समक्ष अपना नामांकन पत्र भरा। कल नामांकन पत्र की जांच की जाएगी और कल ही अंतिम रूप से प्रत्याशियों के नाम प्रकाशित कर दिये जायेंगे। पांच जुलाई को औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की घोषणा की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार किसी और के नामांकन भरने की संभावना नहीं है। इस लिए लालू प्रसाद का तेरहवीं बार पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना लगभग तय है।

————————————————————————

पूर्व मंत्री और राजद से निलंबित नेता तेज प्रताप यादव ने राज्य सरकार से अपनी सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि मौजूदा माहौल में वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस लिए उनकी सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए। सुरक्षा दी जाए।

———बाइट———

————————————————————————

राज्य सरकार ने सात आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार दो हजार पांच बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी जितेन्द्र राणा को पटना का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। वहीं, गरिमा मल्लिक को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना का आईजी नियुक्त किया गया है। राकेश राठी को विशेष शाखा का आईजी, एस. प्रेमलथा को तकनीकी सेवा और संचार का आईजी बनाया गया है। इधर, मनोज कुमार तिवारी को सीवान का पुलिस अधीक्षक

नियुक्त किया गया है, जबकि अमितेश कुमार को विशेष शाखा, सुरक्षा और के. रामदास को सीआईडी का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

———————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने नालंदा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनिल कुमार को हिलसा बाजार इलाके में बीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार डीपीओ पर वित्तरहित प्रबंधन समिति के गठन के लिए रिश्वत मांगने का आरोप है।

———————————————————

दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रियता के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अररिया के फारबिसगंज में सबसे अधिक एक सौ बत्तीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में फिलहाल मानसून केंद्रीत है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी और सुपौल जिलों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है। वहीं, सीवान, कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

———बाइट———

———————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में प्रदेश में दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि कई लोग बुरी तरह से झुलस गए। मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर में श्यामपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। वहीं, जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के ममई गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवक बुरी तरह झुलस गए। इधर, अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरीपुर मुसहरी टोला में मवेशी चराने के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि जिले के रानीगंज प्रखंड के गुणवती में बारिश के दौरान बिजली गिरने से दो घर जलकर नष्ट हो गए।

———————————————————

राष्ट्र ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण, अवसर और सुधार के माध्यम से समावेशी विकास के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

---रिपोर्ट---

पिछले एक दशक में सरकार ने शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 18 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम ने पिछड़े वर्गों को रियायती ऋण प्रदान करते हुए एक लाख 74 हजार से अधिक लाभार्थियों को 752 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए। सांस्कृतिक और समुदाय–विशिष्ट पहलों ने भी सार्थक प्रभाव डाला है। हज सुविधा ऐप और हज स्वयंसेवकों के लिए समर्पित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाया है। जबकि ऐतिहासिक वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025, और उम्मीद पोर्टल ने पारदर्शिता और शासन को मजबूत किया, जिससे वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल प्रबंधन के एक नए युग की शुरुआत हुई। इसके अतिरिक्त, बौद्ध विकास योजना और जियो पारसी जैसी अन्य जैसी योजनाओं ने संस्कृति को संरक्षित करके, शिक्षा और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देकर विभिन्न समुदायों की अनूठी जरूरतों को पूरा किया है। समावेश केवल एक नीति नहीं है, यह एक वादा है। योजनाओं, छात्रवृत्ति, डिजिटल सुधारों और विरासत संरक्षण के माध्यम से सरकार सशक्तिकरण और समावेशन को बढ़ावा दे रही है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।

---

राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस का परिचय दिया। प्रदेश भाजपा कार्यालय, पटना में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धा–सुमन अर्पित किये और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने खगड़िया जिले के पसराहा में पचास हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले नवनिर्मित साइलो गोदाम का लोकार्पण किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कच्ची दरगाह से राघोपुर के बीच गंगा नदी पर बने सिक्स लेन पुल का उद्घाटन किया। दियारा क्षेत्र से पटना आने में अब केवल पांच मिनट लगेंगे।

03. सात आईपीएस अधिकारियों का किया गया तबादला। जितेन्द्र राणा पटना के आईजी बने। गरिमा मल्लिक को मिली निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, के आईजी की जिम्मेदारी।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी और सुपौल जिलों में बहुत भारी बारिश की आशंका।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।